प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'छब्बीस'

[9/3/2018]

परिशिष्ट 31

प्रश्न सं. [क्र. 2088]

कार्यालय मुख्य अभियंता यमुना कछार, जल संसाधन विभाग ग्वालियर

Email:-ceykjsgwl@yahoo.com, Phone No. 0751-2340492, 2340164 (FAX)

क्रमांक 43/का/3एल/बी.एम.सी./मु.अ.ग्वा./17 ग्वालियर, दिनांक 29 /12/2017

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग
भोपाल (म.प्र.)

विषय : भिण्ड मुख्य नहर की 3 एल वितरिका नहर की आर डी. 24.84 कि.मी. से टेल तक की भूमि नगर पालिका/राजस्व विभाग भिण्ड को हस्तांतरित किये जाने हेतु प्रस्ताव।

संदर्भ : अधीक्षण यंत्री निचला चम्बल मण्डल मुरैना का पत्र कं. 3022/का/2017–18 दिनांक 11.12.2017

==X==

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार भिण्ड मुख्य नहर की 3 एल शाखा नहर कि.मी. 24.84 से अंतिम छोर तक एवं इसकी 18.933 हैक्टयर भूमि को राजस्व विभाग को हस्तातरित करने के लिए प्रस्ताव अधीक्षण यंत्री, निचला चम्बल मण्डल, मुरैना द्वारा प्रस्तुत किया गया है। भूमि के संबंध में कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भिण्ड ने अपने विस्तृत प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि नहर के दोनो ओर घनी आबादी बस गई है। नगर पालिका द्वारा नहर के दोनो बैंको पर सी.सी. रोड का निर्माण करा दिया गया है एवं जगह जगह पर विधुत पोल भी खड़े किये जा चुके है तथा आर.डी. 24.84 कि.मी. से 33.90 कि.मी. के मध्य अवरोध एवं अतिकमण हो चुका है। जिसे संलग्न नक्से पर भी दर्शाया गया है। नहर में दोनो ओर से शहर के सीवेज को भी छोड़ा जा रहा है।

उपरोक्त परिस्थितियों में नहर निर्माण निर्धारित माप दण्डों से अधिक खर्चीला हो गया है। जिससे नहर निर्माण का कोई औचित्य प्रतीत नही होता है। अतः भिण्ड मुख्य नहर की 3 एल शाखा नहर एवं इसकी आर.डी 24.84 कि.मी. से 33.90 कि.मी तक की 18.933 हैक्टयर भूमि राजस्व विभाग जिला भिण्ड को हस्तांतरित किये जाने की अनुशंसा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु की जाती है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार
विस्तृत प्रतिवेदन एक प्रति में

(एन.पी. कोरी)
मुख्य अभियंता
यमुना कछार, जल संसाधन विभाग
ग्वालियर (म.प्र.)

o/c

पृष्ठांकन : 43/का/3एल/बी.एम.सी./मु.अ.ग्वा./17 ग्वालियर, दिनांक 29 /12/2017

प्रतिलिपि :

1. अधीक्षण यंत्री, निचला चम्बल मण्डल, मुरैना की ओर संदर्भित पत्र के संबंध में सूचनार्थ।
2. कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, भिण्ड की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य अभियंता
यमुना कछार, जल संसाधन विभाग
ग्वालियर (म.प्र.)

o/c